हैण्डआउट (Handout)

वसंत भाग-एक

चाँद से थोड़ी-सी गप्पें

कक्षा–६
पाठ–चार

(गीता शर्मा)

जीवन परिचय



शमशेर बहादुर सिंह का जीवन परिचय: शमशेर बहादुर सिंह का जन्म मुज़फ़्फरनगर में तथा शिक्षा देहरादून और प्रयाग में हुई। ये हिन्दी तथा उर्दू भाषा के विद्वान कवि थे तथा इनकी शैली अंग्रेज़ी कवि एज़रा पाउंड से प्रभावित है। इन्हें अपने लेखों के लिए साहित्य अकादमी पुरस्कार, कबीर पुरस्कार तथा मैथिलीशरण गुप्त पुरस्कार से भी सम्मानित किया गया।

‘चाँद से थोड़ी सी गप्पें’ कविता

प्रस्तुत कविता मे कवि की कल्पना शक्ति दर्शनीय है। कल्पना के माध्यम से कवि ने कविता को बहुत ही मनोहारी ढंग से प्रस्तुत किया है। चंद्रमा का घटना और बढ़ना बताकर भारतीय ज्योतिष शास्त्र से भी परिचित कराया है। साथ ही संज्ञा, विशेषण एवं योजक के प्रयोग के माध्यम से कविता में अनूठापन परिलक्षित है ।